nwda.gov.in

पानी के लिए हाहाकार, टैंकर बुझा रहे प्यास

जल बोर्ड के सरकारी बोरिंग पर खुद ही वाहनों से पानी लेने पहुंच रहे हैं लोग

जागरण पड़ताल

दीपक गुप्ता • जागरण

दक्षिणी दिल्ली : गर्मी में पानी की बढ़ती मांग से हर जगह हाहाकार मचा हुआ है। पानी की किल्लत पर लोग जल बोर्ड के पानी टैंकर आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं और खुद ही अपने वाहनों को लेकर जल बोर्ड कार्यालय तक पहुंच रहे हैं। वहां मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा, साइकिल, स्कूटी, आटो में ड्रम, बाल्टी, कैन, बोतल आदि में खड़े कैंटरों से पानी भरना शुरू कर देते हैं। दैनिक जागरण ने बुधवार को पानी की किल्लत और लीकेज को लेकर दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में पड़ताल की। संगम विहार, संजय कालोनी, तेहखण्ड, गोविंदपुरी, हरकेश नगर आदि स्थानों पर पानी को लेकर काफी आपाधापी देखने को मिली।

जल बोर्ड के सरकारी बोरिंग पर लगी लोगों की भीड़ : ओखला फेज-दो स्थित मानव कल्याण कैंप के पास सरकारी बोरिंग पर लोग अपने निजी वाहनों को लेकर पहुंच जाते हैं। मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा, साइकिल, स्कूटी, आटो में ड्रम, बाल्टी, कैन, बोतल में पानी भरते हुए दिखाई दिए। कैंटरों को जब पानी से भरा जाता है तो लोग कैंटर की पीछे से टंकी खोलकर अपने बर्तनों को भरना शुरू कर देते हैं। उसके बाद वह उन्हें वाहनों में लेकर चले जाते हैं। सुबह पांच बजे से लेकर शाम तक सरकारी बोरिंग पर लोगों की लाइन लगी रहती है।

सुबह पांच बजे लग जाती है पानी के लिए कतार : ओखला फेस दो स्थित संजय कालोनी के लोग सुबह पांच बजे से ही कतार में लग जाते हैं। यहां हर एक घंटे बाद कैंटर आता है, लेकिन गर्मी में पानी की पूर्ति पूरी नहीं हो पा रही है। कालोनी में पूरे दिन में दस कैंटर आते थे, जो अब पांच रह गए है।

बारापुला फ्लाईओवर के नीचे लोधी रोड श्मशान घाट के सामने जल बोर्ड की लीकेज पाइप लाइन से निकलते पानी से नहाता युवक • विपिन शर्मा

ओखला फेज-दो स्थित संजय कालोनी में जल बोर्ड के कैंटर से ड्रम में पानी भरती महिला और उसी ड्रम से पानी भरने के लिए पाइप से पानी खींचती युवती • विपिन शर्मा

रुपये देकर मंगा रहे हैं पानी से भरा टैंकर

संगम विहार व ओखला फेज दो में लोग रुपये देकर पानी से भरा निजी टैंकर मंगा रहे हैं। इन्हें एक टैंकर के लिए करीब 600 से 800 रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है। वहीं, गोविंदपुरी, हरकेश नगर, तेहखण्ड, तुगलकाबाद में भी पानी की किल्लत चल रही है। यहां लोगों को मांग के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। पाइप लाइन में लीकेज से हो रही पानी बर्बादी बारापुला फ्लाईओवर के नीचे लोधी रोड श्मशान घाट के सामने व भोगल स्थित मथुरा रोड के पास जल बोर्ड की पाइप लाइन लीकेज हो रही है। ऐसे वहां हजारों लीटर पानी की रोजाना बर्बादी होती है। इस लीकेज पानी में युवक नहाते और कपड़े धोते नजर आते हैं।

“पानी आने का कोई समय नहीं है और रात में भी पानी भरने के लिए जागना पड़ता है। कई दिन से पानी की काफी समस्या आ रही है। मात्र 15 से 20 मिनट पानी आ रहा है। ऐसे में उन्हें अपने वाहनों से जल बोर्ड के सरकारी बोरिंग पर पानी भरने के लिए जाना पड़ रहा है।

– संदीप, हरकेश नगर

गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की आपूर्ति कम हो गई है। पांच बजे कैंटर आता है, लेकिन सभी लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। फिर उन्हें एक घंटे के लिए इंतजार करना पड़ता है। क्योंकि एक-एक घंटे बाद पानी के कैंटर भेजे जा रहे हैं।”

-शेर मोहम्मद, संजय कालोनी